www.jagranjosh.com

JAGRAN Josh
Simplifying Test Prep

# करेंट अफेयर्स

नवंबर 2016



भारत एवं रूस के मध्य सैन्य समझौता




## 8वां ब्रिक्स सम्मेलन गोवा में संपन्न



वर्ष 2016 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा

प्रस्तावना ........................................................................................................4

विशेष ...............................................................................................................6

राष्ट्रीय | भारत ..................................................................................................30

अंतरराष्ट्रीय | विश्व..............................................................................................51

अर्थव्यवस्था.......................................................................................................79

विज्ञान | तकनीक................................................................................................85

पर्यावरण | पारिस्थितिकी.........................................................................................91

रिपोर्ट|सर्वे.......................................................................................................108

कार्पोरेट..........................................................................................................112

रक्षा | सुरक्षा....................................................................................................122

दिवस | वर्ष | सप्ताह ..........................................................................................128

राज्य..............................................................................................................143

खेल | खिलाड़ी ..................................................................................................150

पुरस्कार | सम्मान ..............................................................................................159

चर्चित व्यक्ति.....................................................................................................175

नियुक्ति...........................................................................................................179

निधन.......................................................................................194

विविध......................................................................................202

एक पंक्ति में.............................................................................212

करेंट अफेयर्स क्विज....................................................................216

## प्रस्तावना

jagranjosh.com आपको आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिकोण से अक्टूबर 2016 माह में भारत एवं विश्व स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में घटित घटनाओं पर आधारित अत्यंत महत्वपूर्ण अध्ययन सामग्री **'करेंट अफ़ेयर्स नवंबर 2016 ई-बुक'** उपलब्ध करा रहा है.

करेंट अफ़ेयर्स नवंबर 2016 ई-बुक (eBook) परीक्षा विशेषज्ञों द्वारा तैयार अद्यतन अध्ययन सामग्री है. इसमें विभिन्न विषयों जैसे- राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, आर्थिक, कार्पोरेट, विज्ञान-तकनीक, खेल, पुरस्कार-सम्मान, पारिस्थितिकी-पर्यावरण, रिपोर्ट-सर्वेक्षण, पुस्तक-लेखक, चर्चित-व्यक्ति, चर्चित-स्थल आदि से सम्बंधित परीक्षा के दृष्टिकोण से उपयोगी घटनाओं पर आधारित अद्वितीय करेंट अफ़ेयर्स का संकलन है.

करेंट अफ़ेयर्स नवंबर 2016 ई-बुक (eBook) विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- सिविल सेवा मुख्य परीक्षा, एसएससी संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2016- टीयर 1 एवं टीयर 2, एसएससी संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा, एसबीआई सहायक बैंक पीओ परीक्षा, आईबीपीएस पीओ परीक्षा, सीटीईटी परीक्षा, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित भारतीय आर्थिक/सांख्यिकी सेवा परीक्षा, भारतीय इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा, भू-वैज्ञानी परीक्षा आदि हेतु अत्यंत उपयोगी करेंट अफ़ेयर्स की अध्ययन सामग्री है.

करेंट अफ़ेयर्स नवंबर 2016 ई-बुक (eBook) में जिन प्रमुख घटनाओं को समाहित किया गया है, उनमें से प्रमुख है:

- **8वां ब्रिक्स सम्मेलन गोवा में संपन्न**
- **भारत एवं रूस के मध्य सैन्य समझौता**
- **वर्ष 2016 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा**

## विशेष

### 8वां ब्रिक्स सम्मेलन गोवा में संपन्न

8वां ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन 16 अक्टूबर 2016 को गोवा में संपन्न हुआ. इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्याप्त आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने पर ब्रिक्स देशों में सर्वसम्मति बनी. यह सम्मेलन गोवा में 15 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2016 तक चला. इस सम्मेलन में आतंकवाद का मुद्दा मुख्य रूप से छाया रहा जिसमें भारत ने ब्रिक्स मंच पर आतंकवाद से निपटने के लिए सभी सदस्य देशों एक जुट होने को कहा.

ब्रिक्स सम्मेलन से पहले भारत और रूस के बीच 16 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए. भारत और रूस के बीच 200 कामोव हेलीकॉप्टरों के संयुक्त उत्पादन के लिए करार पर हस्ताक्षर हुए. इसके अलावा चार नौसैनिक फ्रिगेट और पांच S-400 सुपरसोनिक एयर डिफेंस सिस्टम की खरीदारी के लिए भी हस्ताक्षर किए गए.

**संबंधित मुख्य तथ्य:**

“ब्रिक्स” विश्व की पांच प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का संघ है. इन देशों की कुल जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 43% है एवं विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में इनकी हिस्सेदारी 30% और विश्व व्यापार में इनकी हिस्सेदारी 17% है. “ब्रिक्स” शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम “गोल्डमैन सैक्स” (Goldman Sachs) द्वारा 2001 में ग्लोबल इकनॉमिक्स के पेपर नंबर 66 में "वर्ल्ड नीड्स बेटर इकोनोमिक ब्रिक्स" नामक शीर्षक के तहत किया गया था. प्रारंभ में इस संघ में चार देश शामिल थे और

इसका नाम "ब्रिक" था| बाद में 2010 में दक्षिण अफ्रीका को इस संघ में शामिल किया गया था.

पहला "ब्रिक" शिखर सम्मेलन का आयोजन 16 जून, 2009 को रूस के येकातेरिनबर्ग नामक स्थान पर किया गया था. जबकि दक्षिण अफ्रीका 14 अप्रैल, 2011 को सान्या, चीन में आयोजित तीसरे "ब्रिक्स" शिखर सम्मलेन में पहली बार शामिल हुआ था. इसके बाद से अब तक "ब्रिक्स शिखर सम्मलेन" का आठ बार आयोजन किया जा चुका है.ब्रिक्स के सभी पाँच सदस्य देश जी-20 के भी सदस्य हैं.

ब्रिक्स सहयोग के दो स्तम्भ हैं- नेताओं और साथ ही वित्त, व्यापार, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शिक्षा, कृषि, संचार, श्रम आदि के मंत्रियों की बैठकों के माध्यम से परस्पर हित के मुद्दों पर विचार-विमर्श और कार्य समूहों/वरिष्ठ अधिकारियों की बैठकों के माध्यम से कई क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग. नियमित वार्षिक शिखर सम्मेलन तथा जी-20 शिखर सम्मेलनों के अवसर पर इसके नेताओं की बैठकें आयोजित की जाती हैं.

भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मलेन 2016 का विषय-वस्तु (Theme) "उत्तरदायी, समावेशी तथा सामूहिक समाधान निरूपित करना" था.

*भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित पांच विषयों पर चर्चा की गयी:*




*Source:www.images.financialexpress.com*

(a) ब्रिक्स सहयोग को प्रगाढ़ बनाने तथा इसे बरकरार रखने के लिए संस्थागत व्यवस्था करना.

(b) पूर्व शिखर सम्मेलनों में लिए गए निर्णयों का कार्यान्वयन करना.

(c) मौजूदा सहयोग तंत्रों का एकीकरण.

(d) नवाचार अर्थात स्तरीय नए सहयोग तंत्र विकसित करना, और

(e) निरंतरता अर्थात परस्पर सम्मत मौजूदा ब्रिक्स सहयोग तंत्रों को जारी रखना.

अब तक आयोजित विभिन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विवरण:

| क्रं० स० | मेजबान देश | मेजबान नेता | स्थान |
|---|---|---|---|
| पहला | रूस | दिमित्री | येकातेरिनबर्ग (सेबेस्टिनोव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | मेदवेदेव | हाउस) |
| दूसरा | ब्राजील | लुइस इनासियो लूला डीसिल्वा | ब्राजीलिया |
| तीसरा | चीन | हू जिंताओ | सान्या (शेराटन सान्या रिसॉर्ट) |
| चौथा | भारत | मनमोहन सिंह | न्यू दिल्ली (ताज महल होटल) |
| पाँचवा | दक्षिण अफ्रीका | जैकब जुमा | डरबन (डरबन आईसीसी) |
| छठा | ब्राजील | डिल्मा राउसेफ | फोर्टलीजा (सेंट्रो डी एवेंटस डू सेरा) ब्राजीलिया |
| सातवाँ | रूस | व्लादिमीर पुतिन | उफा (कांग्रेस हॉल) |
| आठवाँ | भारत | नरेंद्र मोदी | बेनौलिम, गोवा (ताज एग्जोटीका) |
| नौवाँ (प्रस्तावित) | चीन | शी जिनपिंग | ज़ियामेन, चीन |

निष्कर्ष:

इस शिखर सम्मेलन की सफलता ने भारत एवं रूस के बीच के संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान की है. रूस ने कहा है कि वह आतंकवाद से मुकाबला करने में भारत की हरसंभव मदद करेगा और उसका मानना है कि आतंकवादी और उनके समर्थकों के साथ निपटने में शून्य सहिष्णुता की जरूरत है. इस समझौतों से व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा जिससे भारत को "यूरेशियन आर्थिक संघ मुक्त व्यापार समझौते" के तहत सहयोग को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी. नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की शुरूआत भारत और रूस के बीच के परमाणु सहयोग

को प्रदर्शित करता है.इसके अलावा दोनों देश संयुक्त रूप से एक विज्ञान और प्रौद्योगिकी आयोग की स्थापना करेंगें.साथ ही ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के निर्माण और नए, पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास के लिए दोनों देश संयुक्त परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं. इस तरह दोनों देशों के औद्योगिक सहयोग, सैन्य और तकनीकी सहयोग में सुधार हो रहा है. वास्तव में भारत में रूसी परियोजनाओं का न केवल व्यावसायिक महत्व है बल्कि यह दोनों देशों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और साथ ही क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों को भी प्रभावित करता है.नौवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन 2017 में चीन में किया जाएगा.